दुनिया के सबसे पॉपुलर केक

शिखर चंद जैन

केक एक ऐसी डिश है जो दुनिया भर के के सभी देशों, संस्कृतियों और महाद्वीपों के लोगों में पॉपुलर है। विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को हर उत्सव, हर उपलब्धि और खुशी के मौके पर केक जरूर याद आता है।लेकिन दुनिया के सबसे पॉपुलर केक कौन से हैं यह एक दिलचस्प सवाल है। आइए जानते हैं।

चॉकलेट केक है नंबर वन

चॉकलेट बच्चों ही नहीं वयस्कों को भी खूब पसंद आती है। जाहिर है इस फ्लेवर का केक भी लोगों को पसंद आता है।अमेरिका से लेकर जापान तक इस फ्लेवर की तूती बोलती है। चॉकलेट केक 80 से ज़्यादा देशों में नंबर वन पर है।
यह एक ऐसी स्वीट डिश बन चुका है जो किसी भी समय किसी भी मूड के लिए उपयुक्त है, चाहे आप बड़ी जीत का जश्न मना रहे हों या बस उदासी को दूर भगा रहे हों।

ब्लैक फ़ॉरेस्ट केक - किंग ऑफ केक्स

जर्मनी का प्रतीक है हर दिल को पसंद ब्लैक फ़ॉरेस्ट केक। यह स्वादिष्ट केक जर्मनी के चेरी, क्रीम और चॉकलेट के प्रति प्रेम का पुख्ता प्रमाण है।ब्लैक फ़ॉरेस्ट केक को जर्मन में श्वार्ज़वेल्डर किर्श्टोर्टे कहा जाता है। इसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में हुई थी। इस केक का नाम जर्मनी के ब्लैक फ़ॉरेस्ट क्षेत्र से लिया गया है, जो अपनी खट्टी मोरेलो चेरी और किर्श के लिए जाना जाता है। यह केक मूल रूप से एक चेरी मिठाई थी जिसे क्रीम और किर्श के साथ परोसा जाता था। 19वीं शताब्दी के अंत तक यह उस तरह के केक में विकसित नहीं हुआ था जिसे हम आज जानते हैं।ब्लैक फ़ॉरेस्ट केक जितनी सफलता दुनिया भर में शायद ही किसी स्वीट डिश को मिली होगी

आइसक्रीम केक - टू इन वन टेस्ट

यह अनूठा केक आपको एक साथ दो मजेदार चीजों का स्वाद देता है। आइसक्रीम भी और केक भी।बच्चे बड़े सब इसे बहुत पसंद करते हैं। यह तरह तरह की डिजाइन और फ्लेवर में मिलता है। इसे गर्मियों ही नहीं सर्दियों में भी खूब खाया जाता है। यह दुनिया के सबसे बेहतरीन केकों में से एक है।

स्पंज केक - सस्ता सुंदर विकल्प

चाहे क्रीम की परतों से सजा हो, फलों से सजाया हो, या चाय के साथ सादा खाया जाए, इसे दुनिया भर में पसंद किया जाता है। स्पंज केक हर किसी की जेब को सूटेबल होने के कारण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ केक की रैंकिंग में शामिल हो गया है।यह एक बहुत ही क्लासिक ब्रिटिश केक है। इसमें दो वनीला स्पंज लेयर्स के बीच में स्ट्रॉबेरी या रैस्पबेरी जैम और क्रीम भरी होती है। यह बहुत हल्का और स्वादिष्ट होता है।

रेड वेलवेट केक - लग्जरी का दूसरा नाम

अमेरिका के कुलिनरी इंस्टीट्यूट के एक अध्ययन के अनुसार, रेड वेलवेट केक अमेरिका में शीर्ष पांच पसंदीदा केक में से एक है।रेड वेलवेट केक अपने गहरे लाल रंग और हालाँकि मखमली बनावट के लिए जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसका इतिहास 20वीं सदी की शुरुआत में शुरू हुआ था। यह पूरे अमेरिका में विशेष अवसरों पर फूड प्लेट की शोभा बढ़ाता है।
चाहे जन्मदिन हो, शादी हो या कोई त्योहार, यह केक उत्सव और खुशी का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर, यह अपने विशेष रोमांटिक रंग के कारण और भी ज़्यादा लोकप्रिय हो जाता है।अमेरिका से लेकर भारत तक, यह एक आधुनिक क्लासिक केक है और शादियों, सालगिरह और बड़े-बड़े समारोहों के लिए पसंदीदा है।

गाजर का केक - सबका पसंदीदा

किसी ने नहीं सोचा था कि एक साधारण सब्ज़ी दुनिया के सबसे बेहतरीन केक की मुख्य सामग्री बन सकती है। गाजर का केक चीज़ फ्रॉस्टिंग से सजा हो, तो और मजेदार हो जाता है।यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक भी होता है। इसे विशेष रूप से सेहत के प्रति जागरूक पैरेंट्स और बच्चे ज्यादा पसंद करते हैं।

केले का केक - सुपाच्य और पौष्टिक

यह दुनिया भर के घरों में एक पसंदीदा व्यंजन होने के कारण दुनिया के शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ केक में अपनी जगह बना चुका है। मूल रूप से यह एशियाई घरों में ज्यादा पसंद किया जाता है।नुकसानदायक खाद्य सामग्री से दूर रहने वाले लोगों को यह ख़ूब पसंद आता है। हल्का मीठा, मुलायम बनाना केक काफी स्वादिष्ट होता है। इस केक को कभी-कभी मेवों या चॉकलेट चिप्स से भी बनाया जाता है

पाइनएप्पल - अपसाइड-डाउन केक -

यह बहुत पुराना और मजेदार केक है। इसे बेक करते समय पाइनएप्पल के स्लाइस और चेरी को पैन के नीचे रखा जाता है, जिससे ये पकने के बाद ऊपर आ जाते हैं।
यह केक 20वीं सदी के किसी टाइम कैप्सूल जैसा है, फिर भी यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ केक की रैंकिंग में अपनी जगह बनाए हुए है। अपने कैरेमलाइज़्ड अनानास के छल्लों और सुनहरे स्पंज के साथ, यह देखने में भी आकर्षक है और स्वाद से भरपूर भी। अमेरिका और यूरोप के परिवार अक्सर छुट्टियों में इस केक का स्वाद चखते हैं।